देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 41 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 13 मई 2022

**विचार–प्रवाह...**कैसे बदलीं स्थितियां





मौसम | अधिकतम 37.0° | न्यूनतम 24.0° | 39243.39

2 फिनलैंड ने किया सदस्यता का ऐलान

7 फैंस द्रविड की कर रहे हैं जमकर तारीफ

# ज्ञानवापी मस्जिद के चप्पे–चप्पे का होगा सर्वे

## नहीं हटाए जाएंगे कोर्ट कमिश्नर,17 मई के पहले दोबारा होगा सर्वे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


नई दिल्ली। देश में आज चार जगहों पर धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद में सुनवाई हुई। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे को लेकर कोर्ट के फैसले पर लोगों की नजरें थीं। दूसरी तरफ आगरा के ताजमहल में 22 कमरों को खुलवाने को लेकर भी याचिका पर सुनवाई हुई। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निचली अदालत को 4 महीने के भीतर संबंधित याचिकाओं को निपटाने का आदेश दिया। वहीं, मध्यप्रदेश के धार में भोजशाला विवाद को लेकर हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने हिंदू संगठन की याचिका को स्वीकार कर लिया।

ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी मंदिर विवाद मामले में कोर्ट ने स्पष्ट फैसला दिया कि कोर्ट कमिश्नर को नहीं हटाया जाएगा।

**चार महीनों के भीतर सभी अर्जियों का निपटारा करें**

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा की अदालत को निर्देश देते हुए कहा कि मूल वाद से जुड़ी सभी अर्जियों को जल्द से जल्द निपटाएं। हाई कोर्ट ने इन सभी अर्जियों का अधिकतम 4 महीने में निपटारा करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत ने कहा कि 17 मई के पहले दोबारा सर्वे होगा। कोर्ट कमिश्नर के साथ दो और वकील होंगे। मुस्लिम पक्षकारों ने कोर्ट कमिश्नर को बदलने की मांग की थी, जिसे सिविल जज ने खारिज कर दिया। मस्जिद के अंदर सर्वे का मुस्लिम पक्ष ने विरोध किया था। इस आपत्ति को कोर्ट ने भी खारिज किया। इससे मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। फैसले से पहले कोर्ट को खाली करा लिया गया था। परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। वादी पक्ष के एडवोकेट सुधीर त्रिपाठी ने कोर्ट कमिश्नर बदलने पर आपत्ति के साथ इस बात पर जोर दिया कि ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में भी सर्वे और वीडियोग्राफी होनी चाहिए।



### बाधा उत्पन्न करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

वादी पक्ष के वकील ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि न्यायालय ने अपने आदेश से यह साफ कर दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन श्ताला खोलकर– चाहें ताला तोड़कर कमीशन टीम को अंदर भेजने का काम करेश। वकील के अनुसार न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अंदर जाने में यदि कोई भी परेशानी आती है तो जिला प्रशासन रास्ता क्लियर कराकर टीम को अंदर पहुंचाएगा। आदेश के अनुसार यदि कोई बीच में आता है और किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न करता है तो प्रशासन उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगा।

**वादी कमीश्नर ने सुरक्षा को लेकर जतायी चिंताः** वहीं मामले में कोर्ट के अंदर चली बहस के दौरान वादी पक्ष के अधिवक्ता कमिश्नर द्वारा प्रतिवादी पक्ष की ओर से जांच को लेकर उठाए गए सवाल पर न्यायालय के सामने मौखिक रूप से कहा कि उनके द्वारा न्यायालय के आदेशानुसार सही एवं निष्पक्ष कमीशन कार्यवाही की जा रही है। अधिवक्ता द्वारा कहा गया कि कमीशन कार्यवाही अभी मात्र प्रारम्भ ही हुई है और प्रतिवादी पक्ष द्वारा अधिवक्ता कमीशन पर प्रश्न कर दिया। इस मामले में मुस्लिम पक्ष अब अदालत के फैसले का विरोध करेगा और अदालत में नए सिरे से इस फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी।

### पहले पीएचडी करें फिर कोर्ट आएः हाईकोर्ट

ताजमहल के बंद कमरों को खोलने की याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि ताजमहल के बारे में रिसर्च करने के बाद ही याचिका डालें। कोर्ट ने याचिका डालने वाले अयोध्या बीजेपी नेता से कहा है कि पीआईएल को मजाक ना बनाएं। पहले पढ़ लें, ताजमहल कब और किसने बनवाया। जस्टिस डीके उपाध्याय ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि PIL व्यवस्था का दुरुपयोग ना करें। इसका मजाक ना बनाएं। ताजमहल किसने बनवाया, पहले जाकर रिसर्च करो। यूनिवर्सिटी जाओ, पीएचडी करो तब कोर्ट आना। रिसर्च से कोई रोके तब हमारे पास आना। अब इतिहास को आपके मुताबिक नहीं पढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकियों ने दफ्तर में घुसकर कश्मीरी पंडित की गोली मारकर की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बडगाम। जम्मू–कश्मीर के बडगाम जिले में गुरुवार को आतंकियों ने तहसीलदार कार्यालय में घुसकर कश्मीरी पंडित कर्मचारी को गोली मार दी। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। अचानक हुई दफ्तर में फायरिंग से कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। आतंकियों के मौके से फरार होने के बाद अन्य ने घायल कर्मचारी राहुल भट को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया।

### 24 घंटे में 2827 लोग संक्रमित, 24 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 2,827 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा 3,230 लोग रिकवर हुए हैं। हालांकि, इस दौरान 24 लोगों की मौत भी हुई है। एक्टिव केस भी लगातार कम हो रहे हैं।

# राज्यसभा की 57 सीटों के लिए चुनाव का एलान

## चुनाव आयोग ने की एक बड़ी घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बड़ी घोषणा की है। आयोग ने कहा कि 15 राज्यों में फैली 57 राज्यसभा सीटों के लिए 10 जून से चुनाव होंगे। उच्च सदन के लिए सीटों का सबसे बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश का है, जिसमें 11 सीटों पर चुनाव होगा। इसके बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र का नंबर आता है, जहां पर 6–6 सीटों पर चुनाव होंगे, जबकि तीसरे स्थान पर बिहार है, जहां 5 सीटों पर मतदान किया जाएगा।

आपको बता दें कि 57 राज्यसभा सीटों में राजस्थान, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक की 4–4 सीट पर मतदान किया जाएगा, जबकि मध्यप्रदेश एवं ओड़िशा की 3–3 सीट शामिल होंगी। वहीं हरियाणा, पंजाब, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं तेलंगाना की 2–2 सीट पर चुनाव होगा और अंतिम 1 सीट उत्तराखंड की होगी जिस पर मतदान किया जाएगा। चुनाव आयोग ने गुरुवार को इस बात की पूरे विस्तार से जानकारी दी।

दूसरी तरफ एक अन्य सेवानिवृत्त सदस्य वाइएसआरसीपी संसदीय नेता विजय साई रेड्डी निश्चित रूप से आंध्र प्रदेश से फिर से चुने जाएंगे। बता दें कि आंध्र प्रदेश के दो राज्यसभा सदस्य– पूर्व केंद्रीय मंत्री वाईएस चौधरी और टीजी वेंकटेश, जिन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए तेलुगु देशम पार्टी छोड़ दी, वे भी 21 जून को रिटायर हो रहे हैं। वहीं आंध्र प्रदेश की सभी चार सीटें जो खाली हो रही हैं, उनके वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) में जाने की संभावना जताई जा रही है। इस साल अप्रैल से अगस्त के बीच 77 संसद सदस्य उच्च सदन से सेवानिवृत्त होंगे।

### उत्तर प्रदेश की 11 सीटों पर होगा चुनाव

उत्तर प्रदेश राज्य और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के उत्तर प्रदेश राज्यसभा की 11 सीटों में से 7 सीटें मिलने की उम्मीद जताई गई है, जबकि दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के 4 सीटों पर जीत हासिल करने का दावा किया जा रहा है। वहीं जो सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन राज्यसभा में वापस लौटेंगे उनमें कई बड़े नाम शामिल है, जिसमें केंद्रीय कर्नाटक की मंत्री निर्मला सीतारमण, झारखंड से मुख्तार अब्बास नकवी और महाराष्ट्र से राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल और बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा शामिल हैं।

# देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजीव कुमार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। कानून मंत्रालय की ओर से राजीव कुमार की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी है। रावीव कुमार देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वह सुशील चंद्रा की जगह लेने जा रहे हैं। राजीव कुमार अगामी 15 मई को पदभार संभालेंगे।

राजीव कुमार बिहार/झारखंड कैडर 1984 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी हैं, जो फरवरी 2020 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। राजीव कुमार 1 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त के रूप में भारत के चुनाव आयोग में शामिल हुए। चुनाव आयोग में कार्यभार संभालने से पहले, राजीव कुमार लोक उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष थे। वह अप्रैल 2020 में अध्यक्ष पीईएसबी के रूप में शामिल हुए थे।

### नियुक्ति

■1984 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**बेहद अनुभवी हैं राजीव कुमार**

राजीव कुमार का जन्म 19 फरवरी 1960 को हुआ था। उन्घ्होंने बीएससी, एलएलबी, पीजीडीएम और एमए पब्लिक पॉलिसी की अकादमिक डिग्री हासिल की है। राजीव कुमार बेहद अनुभवी हैं, उनके पास भारत सरकार की 36 वर्षों से अधिक की सेवा दी है। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र, पर्यावरण और वन, मानव संसाधन, वित्त और बैंकिंग क्षेत्र में केंद्र और राज्य के विभिन्न मंत्रालयों में काम किया है।

**3.38 लाख शेल कंपनियों के बैंक खाते किए थे फ्रीजः** राजीव कुमार तब चर्चा में आए थे, जब उन्होंने तीन लाख से ज्यादा शेल कंपनियों पर नकेल कसी थी। चुनाव आयोग के मुताबिक, राजीव कुमार ने वित्तीय सेवा क्षेत्र का पर्यवेक्षण किया। बैंकिंग सेवा क्षेत्र में कई सुधार उन्हीं के द्वारा किए गए।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चक्रवाती तूफान आसनी के बाद से मौसम में कई बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में आए चक्रवाती तूफान आसनी के बाद से अब यहां के मौसम में कई बदलाव आए हैं। आइएमडी ने गुरुवार को ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में बारिश की भविष्यवाणी की थी।

आइएमडी के ताजा बुलेटिन में कहा गया है कि पिछले छह घंटों के दौरान मौसम प्रणाली व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा और कमजोर होकर एक दबाव का क्षेत्र बन गया है। अगले 12 घंटों के दौरान इसे एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना है।

### जारी हुआ बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश हो सकती है। ओडिशा के कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह तक गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। साथ ही मौसम विभाग ने यह भी कहा कि अगले 12 घंटों के दौरान पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में समुद्र की स्थिति खराब रहने की संभावना है और उसके बाद इसमें सुधार होगा।